आकाशवाणी शिमला
03.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

शपथ

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन सहित राज्यसभा के 11 नए सदस्यों ने आज शपथ ली। उप–राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को संसद भवन में अपने कक्ष में शपथ दिलाई। ये नए सदस्य हैं– बिहार के प्रोफेसर मनोज झा, धर्मशीला गुप्ता और संजय यादव, हिमाचल प्रदेश के हर्ष महाजन, हरियाणा के सुभाष चंदर, महाराष्ट्र की मेधा कुलकर्णी और चंद्रकांत हंडोरे, कर्नाटक के जी.सी. चंद्रशेखर, गुजरात के गोविंद भाई ढोलकिया, उत्तर प्रदेश की साधना सिंह और मध्य प्रदेश के अशोक सिंह। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सहित 56 सदस्यों का इस सप्ताह राज्यसभा से कार्यकाल समाप्त हो गया है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि पुस्तकें समाज का दर्पण है और इनसे ज्ञानवर्धन होता है। राज्यपाल आज राजभवन शिमला में प्रोफेसर प्रमोद शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक इंडियाज जी'–20 प्रेजीडेंसी और डॉक्टर किरण चड्ढा द्वारा लिखित पुस्तक डलहौजी थ्रू माई आईज के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। इंडियाज जी–20 प्रेजीडेंसी पुस्तक वर्तमान में उभरते हुए भारत की तस्वीर बयां करती है जबकि डलहौजी थ्रू माई आईज पुस्तक में डलहौजी की धौलाधार पर्वतमाल और पहाड़ियों को जीवंत किया गया है।

अवकाश

लोकसभा के आम चुनाव और विधानसभा के छः उपचुनाव के दृष्टिगत प्रदेश में पहली जून को राजपत्रित अवकाश रहेगा। इस संबंध में आज प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार ये अवकाश सवैतनिक होगा और सभी श्रेणी के सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि ये अवकाश सीमावर्ती जिलों उना, कांगड़ा, चंबा, सिरमौर, लाहौल स्पिति, शिमला और सोलन जिलों में कार्यरत पंजाब, उत्तर प्रदेश, लद्दाख व जम्मू कश्मीर व केंद्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ के कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

संजय टंडन

भाजपा के हिमाचल मामलों के सहप्रभारी संजय टंडन ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें बड़े अंतर से जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेगी। टंडन आज कांगड़ा के नगरोटा सूरिया में ज्वाली मंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल की हर मौके पर मदद की है। उन्होंने कांग्रेस पर केंद्रीय मदद को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप भी लगया। बैठक में कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेवारियों के बारे में जानकारी दी गई।

सेब उत्पादक

हिमाचल प्रदेश सेब उत्पादक संघ के प्रदेश सचिव पूर्ण ठाकुर ने सरकार से राज्य में यूनिवर्सल कार्टन को अनिर्वाय रूप से लागू करने और एमआईएस के तहत बागवानों के बकाया का तुरंत भुगतान करने की मांग की है। पूर्ण ठाकुर ने आज शिमला में संघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेब की बागवानी अब घाटे

का सौदा हो गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को भी लागू करने की मांग की। पूर्ण ठाकुर ने कहा कि सेब बागवानों की मांगों को लेकर संघ जल्द ही केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

कार्यशाला

स्वंतत्र, निपष्क्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने और जनता तक सही जानकारी पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान मीडिया की जिम्मेदारी कई गुणा बढ़ जाती है। लाहौल स्पीति के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने केलंग में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में बिना प्री–सर्टिफिकेशन के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित करना गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी सेंटर सोशल मीडिया, टीवी चैनलों व समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों व समाचारों पर कड़ी नजर रख रही है।

बैठक

विधानसभा की नवगठित कल्याण समिति की दो और तीन अप्रैल को शिमला में सभापति नंदलाल की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में विधायक विनोद कुमार, लैकेंद्र कुमार और विनोद सुल्तानपुरी ने हिस्सा लिया। समिति ने वर्ष 2023–24 के लंबित कार्यों का अवलोकन किया और इन पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

लालचंद प्रार्थी

चांद कुल्लुवी के नाम से विख्यात सहित्यकार लाल चंद प्रार्थी के जयंती पर आज कुल्लू में कवि गोष्ठी और व्यक्तित्व और कृतित्व समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला लोकसंपर्क अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रार्थी के प्रयासों से ही प्रदेश में भाषा संस्कृति विभाग और आकादमी की स्थापना हुई व कुल्लू दशहरा उत्सव को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिली।

———————————————————————————